सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
पौष 28, मंगलवार, शाके 1943-जनवरी 18, 2022 *Pausa 28, Tuesday , Saka 1943- January 18, 2022*	

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो, परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी, विज्ञप्तियां आदि।

नगरीय विकास विभाग

अधिसूचना

जयपुर, जनवरी 13, 2022

संख्या प.10(8)नविवि/3/97 :-राजस्थान नगर सुधार अधिनियम 1959 के अधीन बनाये गये राजस्थान नगर सुधार (सामान्य) नियम, 1962 के नियम 4 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 7 के अनुसरण में विभागीय अधिसूचना दिनांक 22.11.2012 द्वारा अधिसूचित नाथद्वारा के नगरीय क्षेत्र के लिए तैयार किये गये मास्टर प्लान - 2031 का अनुमोदन किया जा चुका है। नगर पालिका, नाथद्वारा की मण्डल बैठक दिनांक 27.01.2021 में लिये गये निर्णय के क्रम में नाथद्वारा मास्टर प्लान- 2031 के भू-उपयोग योजना मानचित्र के पार्ट प्लान में प्रस्तावित संशोधनों का अनुमोदन कर दिया गया है।

उक्त संशोधित नाथद्वारा मास्टर प्लान- 2031 के संशोधित भू-उपयोग योजना मानचित्र के पार्ट प्लान की प्रति का अवलोकन नगर पालिका, नाथद्वारा के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में किया जा सकता है।

राज्यपाल की आज्ञा से,

नवनीत कुमार,
संयुक्त शासन सचिव-द्वितीय।

2567

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।